सं0सं0-01/दि०स०नि०(बजट)-09/2026/...63...

बिहार सरकार

समाज कल्याण विभाग

प्रेषक,

सुशील कुमार,
संयुक्त सचिव।

सेवा में,

महालेखाकार (ले0 एवं ह0),
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक 06.07.2026

विषय: **वित्तीय वर्ष 2026-27 में राजकीय मूक-बधिर आवासीय मध्य विद्यालय, मुंगेर के विद्यालय भवन के मरम्मति, जीर्णोद्धार तथा चाहरदिवारी निर्माण कार्य के लिए तकनीकी अनुमोदित प्राक्कलित राशि कुल रू० 18,61,000/- (अट्ठारह लाख एकसठ हजार) मात्र के प्रशासनिक एवं व्यय स्वीकृति के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि भवन निर्माण विभाग के पत्रांक-3242(भ०) दिनांक- 06.04.2026 के द्वारा राजकीय मूक-बधिर आवासीय मध्य विद्यालय, मुंगेर के विद्यालय भवन के मरम्मति, जीर्णोद्धार तथा चाहरदिवारी निर्माण कार्य के लिए कुल रू० 18,61,000/- (अट्ठारह लाख एकसठ हजार) मात्र के तकनीकी अनुमोदित प्राक्कलन उपलब्ध कराते हुए प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया गया है।

2. उक्त के आलोक में वित्तीय वर्ष 2026-27 अन्तर्गत राजकीय मूक-बधिर आवासीय मध्य विद्यालय, मुंगेर के विद्यालय भवन के मरम्मति, जीर्णोद्धार तथा चाहरदिवारी निर्माण कार्य के निमित अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, मुंगेर द्वारा तकनीकी अनुमोदित प्राक्कलन कुल रू० 18,61,000/- (अट्ठारह लाख एकसठ हजार) मात्र पर प्रशासनिक एवं व्यय की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

3. स्वीकृत राशि चालू वित्तीय वर्ष अन्तर्गत मुख्य शीर्ष-2235- सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण, उप मुख्य शीर्ष-02-समाज कल्याण, लघु शीर्ष-101-विकलांग व्यक्तियों का कल्याण, उप शीर्ष-0125-मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण योजना से संबंधित विषय शीर्ष-2702 अनुरक्षण एवं मरम्मत के अधीन मांग संख्या-03, विपत्र कोड- 03-2235021010125 के अन्तर्गत उपलबध बजटीय उपबंध से विकलनीय होगा।

4. स्वीकृत राशि का आवंटन सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना संबंधित कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल को प्रदान करेंगे।

5. भवन की मरम्मति एवं जीर्णोद्धार कार्य हेतु प्राप्त प्राक्कलन के आलोक में भवन निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित मापदंड, गुणवत्ता एवं समय-सीमा के अंदर कार्य पूर्ण किया जायेगा तथा यह भी सुनिश्चित किया जायेगा कि जीर्णोद्धार कार्य के क्रम में पूर्व से की गयी विद्युतीकरण कार्य में किसी प्रकार की क्षति नहीं हो।

6. उपर्युक्त वर्णित प्राक्कलन के अनुसार सभी कार्यों को किया जायेगा एवं उच्च गुणवत्ता मानकों वाले सामग्रियों का उपयोग किया जायेगा। इसकी पूर्ण जिम्मेवारी भवन निर्माण विभाग की होगी।

7. कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, मुंगेर इसके निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी होंगे तथा बिहार वित्तीय नियमों का पालन करने की जिम्मेवारी संबंधित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी की होगी।

8. स्वीकृत राशि की निकासी एवं व्यय वित्त विभाग के परिपत्र संख्या- 2561 दिनांक- 17.04.1998, 2398 दिनांक- 08.04.2008, 12888 दिनांक-03.12.2024, पत्रांक-227/वि0 दिनांक- 28.03.2025 तथा बिहार पी०डब्लू०डी० संहिता के प्रावधानों एवं समय-समय पर निर्गत अन्य अनुदेशों/परिपत्रों के अनुसार किया जायेगा।

9. स्वीकृत्यादेश प्रारूप पर संचिका सं0-**01/दि०स०नि०(बजट)-09/2026** के टिप्पणी पृष्ठ 14/टि0 पर दिनांक- 03.07.2026 को आन्तरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति प्राप्त है।

10. प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार की स्वीकृति प्राप्त है।

विश्वासभाजन

6/7/26

(सुशील कुमार)

संयुक्त सचिव,

समाज कल्याण विभाग।

ज्ञापांक :- **01/दि०स०नि०(बजट)-09/2026/**63 पटना, दिनांक 06-07-2026

प्रतिलिपि :- महालेखाकार (लेखा परीक्षा), बिहार, पटना/अपर मुख्य सचिव, योजना एवं विकास विभाग/सचिव, भवन निर्माण विभाग/सचिव, वित विभाग/निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय / संयुक्त सचिव, योजना एवं बजट शाखा, समाज कल्याण विभाग/ निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, दिव्यांगजन सशक्तिरण निदेशालय, बिहार, पटना/जिला पदाधिकारी, मुंगेर/ कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, मुंगेर/ सहायक निदेशक, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, मुंगेर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

6/7/26

संयुक्त सचिव,

समाज कल्याण विभाग।

ज्ञापांक :- **01/दि०स०नि०(बजट)-09/2026/**63 पटना, दिनांक 06-07-2026

प्रतिलिपि:- कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, सिचाई भवन/विकास भवन/विश्ववेश्वरैया भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

6/7/26

संयुक्त सचिव,

समाज कल्याण विभाग।

ज्ञापांक :- **01/दि०स०नि०(बजट)-09/2026/**63 पटना, दिनांक 06-07-2026

प्रतिलिपि:- विभागीय आई०टी० मैनेजर को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

6/7/26

संयुक्त सचिव,

समाज कल्याण विभाग।